दिनांक 20.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ स्वच्छ भारत मिशन, विश्व शान्ति, वृक्षारोपण, एवं ईंधन बचाओं के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने रायगढ़ से मुम्बई तक सायकल यात्रा पर निकले जत्थे का महापौर देवेन्द्र यादव ने निगम में स्वागत कर उनका हौसला अफजाई किया।

''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान 15 सितम्बर से 02 अक्टुबर तक पुरे राष्ट्र में मनाया जा रहा है जिसका उद्‌देश्य आम नागरिकों को स्वच्छता के कार्य से जोड़ना है इसी उद्‌देश्य को लेकर 15 सितम्बर को रायगढ़ से राजेन्द्र पाण्डेय, अमित सोनी, जयदेव सिंह, मनोज सागर, सायकल यात्रा प्रारंभ कर सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में स्वच्छता विश्व शान्ति, वृक्षारोपण, एवं ईंधन बचाओं के संदेश को जन–जन तक प्रचारित करते हुए भिलाई पहुंचे तो महापौर देवेन्द्र यादव ने उनका निगम परिसर में स्वागत कर उनकी इस कार्य की उन्हे बधाई प्रेषित किया। महापौर ने कहा कि मुम्बई तक की आपकी यात्रा में किसी प्रकार की कोई असुविधा होती है तो देवेन्द्र यादव आपके साथ है राष्ट्र निर्माण में आप लोग की भागीदारी निश्चित् सराहनीय है। श्री यादव ने फुल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जत्था के एक सदस्य का अचानक स्वास्थ्य खराब होने पर महापौर ने सेक्टर–09 अस्पताल में फोन कर उन्हे उचित चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करवाया। जिसका जत्थे के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया। श्री यादव जत्थे के साथ एक किलोमीटर सायकल चलाकर उन्हे आगे की यात्रा के लिए रवाना किये।

(सुभाष सिंह ठाकुर)
जनसम्पर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम भिलाई